दिनांक : 04.03.2025 समय : 07.10AM

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज केन्द्रीय बजट पर आधारित तीन वेबिनार में लेंगे हिस्सा।
- भोपाल में आज जनजातीय देवलोक महोत्सव का होगा आयोजन। 5 हजार से अधिक लोगों का होगा समागम।
- 16वें वित्त आयोग का दल आज से प्रदेश में, भोपाल सहित अन्य जगहों का करेगा दौरा।
- आइसीसी चैंपियंस ट्राफी क्रिकेट प्रतियोगिता में आज दुबई में भारत और आस्ट्रेलिया के बीच होगा पहला सेमीफाइनल।

प्रधानमंत्री-वेबिनार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए वित्त वर्ष 2025-26 के बजट के बाद आज तीन वेबिनार में भाग लेंगे। ये वेबिनार सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों-एमएसएमई को विकास, विनिर्माण और निर्यात के क्षेत्र में प्रमुखता देने के साथ-साथ परमाणु ऊर्जा मिशन, नियामक, निवेश और व्यापार को आसान बनाने के लिए सुधारों के इंजन के रूप में आयोजित किए जा रहे हैं। श्री मोदी इस अवसर पर उपस्थित लोगों को भी संबोधित करेंगे। वेबिनार सरकारी अधिकारियों, अग्रणी उद्यमियों और व्यापार विशेषज्ञों को भारत की औद्योगिक, व्यापार और ऊर्जा रणनीतियों पर विचार-विमर्श करने के लिए एक सहयोगी मंच प्रदान करेगा।

प्रधानमंत्री-नमो ऐप

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागरिकों से नमो ऐप ओपन फोरम पर और अधिक प्रेरक जीवन यात्राएं साझा करने का आग्रह किया। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने बताया कि नमो ऐप पर साझा की गई प्रेरक यात्राओं में से कुछ महिलाओं को 8 मार्च को महिला दिवस पर प्रधानमंत्री के डिजिटल सोशल मीडिया अकाउंट्स का संचालन करने के लिए चुना जाएगा।

राष्ट्रपति-सम्मेलन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शिक्षा के साथ शोध पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया है। राष्ट्रपति ने कल राष्ट्रपति भवन में दो दिवसीय विजिटर्स सम्मेलन 2024-25 के उद्घाटन अवसर पर कहा कि सरकार ने एक बहुत अच्छे उद्देश्य के साथ राष्ट्रीय अनुसंधान कोष की स्थापना की है। राष्ट्रपति 184 केंद्रीय उच्च शिक्षा संस्थानों की विजिटर हैं। उद्घाटन सत्र के दौरान, राष्ट्रपति ने नवाचार, अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास की श्रेणियों में आठवें विजिटर्स पुरस्कार भी प्रदान किए। राष्ट्रपति मुर्मु ने शिक्षाविदों से आर्टिफिशिएल इंटेलीजेंस के क्षेत्र में नई पहल करने को कहा-

जनजातीय देवलोक

भोपाल में आज जनजातीय देवलोक महोत्सव का आयोजन मुख्यमंत्री निवास पर किया जाएगा। इसमें जनजातीय बाहुल्य 23 जिलों के 5 हजार से अधिक लोगों का समागम होगा। साथ ही जनजातीय समाज के परंपरागत लोक नृत्य, गायन और वाद्य यंत्रों की प्रस्तुति एक हजार से अधिक कलाकारों द्वारा दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस संबंध में कल एक बैठक में कहा कि जनजातियों की संस्कृति के संरक्षण और उनके त्यौहार तथा पूजा आदि की विशेष व्यवस्था के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अलग-अलग क्षेत्रों में निवासरत जनजातीय समुदायों के देवी-देवता और उनके प्रतीक भिन्न-भिन्न हैं। अतः राज्य के जनजातीय समुदायों की मान्यताओं, आस्था, प्रतीकों के देवलोक को एक स्थान पर लाने के लिए प्रयास करना आवश्यक है। इन प्रयासों में जनजातीय समुदायों के ओझा, पटेल, पुजारा, तड़वी, भुमका, पंडा, गुनिया आदि के विचारों को भी समाहित किया जाएगा।

वित्त आयोग दौरा

16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविंद पनगिढया के नेतृत्व में पांच सदस्यीय दल आज महत्वपूर्ण बैठकों के लिए भोपाल पहुंच रहा है। वित्त आयोग 7 मार्च तक भोपाल के अलावा राज्य के अन्य जगहों का दौरा भी करेगा। वित्त आयोग के दौरे का मुख्य उद्देश्य केंद्र और राज्यों के बीच करों के वितरण, अनुदान सहायता के निर्धारण और राज्यों के बीच संसाधनों के उचित आवंटन से संबंधित विषयों पर विचार-विमर्श करना है। वित्त आयोग राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों, स्थानीय निकायों, पंचायत एवं नगरीय निकायों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठकें करेगा।

थ्री आर-केन्द्रीय मंत्री-मनोहर लाल खट्टर

केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कचरा प्रबन्धन और संसाधनों के पुर्नउपयोग को समय की जरूरत बताया है। केंद्रीय मंत्री ने कल जयपुर में एशिया और प्रशांत क्षेत्र के थ्री आर और सर्कुलर इकोनॉमी फोरम का उद्घाटन किया। इस आयोजन में भारत, जापान, संयुक्त राष्ट्र संगठनों और अन्य देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। फोरम में इंडिया पवेलियन, नीति और महापौरों का संवाद, तकनीकी क्षेत्र का दौरा, अंतरराष्ट्रीय थ्री आर व्यापार और प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी और 'जयपुर डिक्लेरेशन' को अपनाने जैसे प्रमुख कार्यक्रम शामिल हैं। उद्घाटन अवसर पर श्री खट्टर ने थ्री आर और सर्कुलर इकोनॉमी को अच्छे भविष्य के लिए जरूरी बताया है।

मुख्यमंत्री-बजट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गरीब, युवा, अन्नदाता और महिला सशक्तिकरण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इनके कल्याण के लिए संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों में केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 के बजट में प्रदेश के लिए की गई वृद्धि का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करते हुए गतिविधियां संचालित की जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल केन्द्रीय बजट में उद्घोषित नवीन योजनाओं में किए गए प्रावधानों तथा प्रचलित योजनाओं में की गई वृद्धि के दृष्टिगत प्रदेश की प्राथमिकताओं के अनुरूप विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के संबंध में अधिकारियों से मुख्यमंत्री निवास में चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बड़े नगरों के आस-पास विद्यमान नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में सड़क, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, सीवेज जैसी मूलभूत व्यवस्थाओं का विकास इस दृष्टि से किया जाए ताकि नगरों की जनसंख्या बढ़ने पर जनसामान्य का जीवन सुगम बना रहे।

आईसीसी चैंपियंस क्रिकेट

दुबई में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट के पहले सेमीफाइनल में आज भारत का मुकाबला ऑस्ट्रेलिया से दोपहर ढाई बजे शुरू होगा।

इससे पहले, भारत ने रविवार को दुबई में अपने अंतिम लीग मैच में न्यूजीलैंड को 44 रनों से हरा दिया। कल लाहौर में टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड का मुकाबला ग्रुप बी के विजेता दक्षिण अफ्रीका से होगा। फाइनल मैच रविवार को खेला जाएगा।

रोइंग प्रतियोगिता

भोपाल के बोट क्लब स्थित राज्य वॉटर स्पोर्ट्स अकादमी में चल रही नेशनल रोइंग प्रतियोगिता में आज खिलाड़ियों की ट्रेनिंग होगी और मुख्य मुकाबले कल से शुरु होंगे। मध्यप्रदेश खेल एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से आयोजित 5 दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता 7 मार्च तक चलेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग सहित अन्य अतिथियों ने कल इसका शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा है कि भोपाल में हो रहा रोइंग महाकुंभ, उज्जैन के सिंहस्थ जैसा है।

यूनियन कार्बाईड

धार जिले के पीथमपुर में यूनियन कार्बाईड अपशिष्ट का जलाने का प्रथम चरण कल शाम पूरा हो गया है। मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बताया है कि 10 टन अपशिष्ट की फ़ीडिंग पूर्ण की गई। अपशिष्ट के दहन के दौरान चिमनी से हो रहे इमिशन की मॉनिटरींग केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के लगभग 20 अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा की गई। जिसका विश्लेषण किया जा रहा है। इसके आधार पर एवं इंसीनरेटर के क्लीनिंग एवं संधारण के पश्चात 4 मार्च से द्वितीय ट्रायल रन प्रारंभ किया जा सकेगा।

समाचार संक्षेप में .....

- केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान आज आगरमालवा प्रवास पर रहेंगे इस दौरान वे सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर पहुंचकर दर्शन पूजन करेगें।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल कुबेरेश्वर धाम सीहोर में आयोजित रुद्राक्ष महोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित भी किया।
- मुख्यमंत्री ने कहा है कि साउथ कोरियन ज्वाइंट वेंचर ग्रुप प्रदेश में मेडिकल उपकरणों, मेडिकल एआई, नैनो टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में निवेश का इच्छुक है। कल भोपाल में साउथ कोरिया के ईसीडीएस ग्रुप के निवेशकों ने मुख्यमंत्री से भेंट की।
- मैनिट हिल्स भोपाल में शासकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय के "होम्योपैथी स्वास्थ्य कल्याण केंद्र" में अब समस्त सुविधाएं प्रातः 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक उपलब्ध रहेंगी।

- ग्वालियर सांसद भारत सिंह कुशवाह ने प्रशासन व नगरीय आवास एवं विकास विभाग के अधिकारियों के साथ कल मुरैना के देवरी वाटर ट्रीटमेंट प्लांट आकस्मिक निरीक्षण किया।
- गुना में शत प्रतिशत अपार आईडी बनाने के लिए जिले के 04 विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षकों और 01 मास्टर ट्रेनर को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गए।
- अनूपपुर जिले के ग्राम गिरारी खुर्द में कल प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-वाटर शेड के तहत हितग्राहियों का प्रशिक्षण एवं सामग्री वितरण सम्पन्न हुआ।
- रायसेन के वन परिसर भवन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में आज जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।
- विश्व वन्य प्राणी दिवस के मौके पर कल पन्ना टाइगर रिजर्व वन क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।
- मंदसौर के शासकीय पी.जी. कॉलेज में 7 मार्च को युवा संगम मेले का आयोजन किया जाएगा।
- खंडवा में विश्व श्रवण दिवस के अवसर पर कल शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में राष्ट्रीय बधिरता रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम सह स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

-------